
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# केन्द्र की पहल पर भेजी गई बेस अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन

## लंबे समय से जिले के सामाजिक संगठन कर रहे थे सिटी स्कैन मशीन लगाने की मांग

**पहल**

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**



पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की जनता को अब सिटी स्कैन कराने के लिए बरेली , हल्द्वानी के लिए चक्कर नही काटने पड़ेगे। जानकारी के मुताबिक जिले में लंबे समय से सामाजिक संगठन सिटी स्कैन मशीन लगाने की मांग को लेकर कई बार आंदोलन कर चुके है। वही लंबे जद्दोजहद के बाद केन्द्र सरकार के पहल से अब सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में सिटी स्कैन मशीन भेज दी गई है। अब सीमांत जनपद के लोगों को सस्ते दरों में बेस अस्पताल में सिटी स्कैन कराने की सुविधा आसानी से मिल सकेगी।

बता दें कि जिले में अब इस मशीन के लगने से जहां एक ओर दुर्घटनाएं होने पर सिटी स्कैन कराने की मदद ली जा सकेगी वही दूसरी ओर कोरोना मरीजों के उपचार व जांच में भी जिले में अब खासा इस मशीन के लग जाने से लाभ मिलने की जिले के लोगों को उम्मीद है।

इससे पूर्व सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के लोगों को सिटी स्कैन कराने के लिए हल्द्वानी ,बरेली के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ता था। अब जिले के लोगों को आसानी से अपने जिले के भीतर सिटी स्कैन कराने की बेहतर सुविधा मिलने के आसार अब संभव है। सीमांत जनपद पिथौरागढ के साथ ही तहसील मुंसयारी, धारचूला व डीडीहाट और गंगोलीहाट व पडोसी देश नेपाल व चंपावत के लोग भी जिले में आकर बेतर ढ़ग से सिटी स्कैन का लाभ अब आसानी से ले सकते है। दिल्ली से आये तकनीशियनों द्वारा जिले के बेस अस्पताल में मशीन के इंस्टेलोशन की प्रकिया पूरी कर दी गई है।

मशीन के संचालन के प्रशिक्षण की जानकारी जिले के बेस अस्पताल में कार्यरत डाक्टरों को दे दी गई है। अब सप्ताह से प्रत्येक शुक्रवार व शनिवार को अब जिले के मरीजों व दूर दराज से आने वाले मरीजों को सिटी स्कैन की बेहतर सुविधा दिलाये जाने के प्रयास धरातल पर शुरू हो चुके है।

इस बारे में जिले के सीएमओ डाक्टर हरीश चन्द्र पंत ने जानकारी दी कि अब जिले में आकस्मिक र्दुघटनाओं की जांच के लिए सिटी स्कैन की सुविधा जिले के लोगों को बेहतर ढ़ग से मिल सकेगी। वही अब जिले के लोगों को सिटी स्कैन के लिए हल्द्वानी ,बरेली के चक्कर नही लगाने पड़ेगे।

## न्यूज डायरी

### को–वैक्सीन लगी, कोविशील्ड को आए लोग लौटे वापस

**संवाददाता** रुड़की। शहर में सोमवार को पांच केंद्रों पर कोरोना वैक्सीनेशन हुआ। सभी केंद्रों पर को–वैक्सीन की पहली व दूसरी डोज लगाई गई। वहीं, कोविशील्ड वैक्सीन लगवाने आए व्यक्तियों को निराश लौटना पड़ा। दरअसल, कोविशील्ड वैक्सीन न होने के चलते किसी भी केंद्र पर वैक्सीन नहीं लग पाई है। कोरोना वैक्सीनेशन पटरी पर नहीं आ पा रहा है। सोमवार को वैक्सीनेशन तो हुआ, लेकिन केवल को–वैक्सीन ही लगी। शहर में सिविल अस्पताल रुड़की, मूलराज इंटर कालेज, गांधी कन्या शिल्प इंटर कालेज, नगर निगम व हेल्पिंग हैंड सेंटर पर वैक्सीन लगाई गई। सिविल अस्पताल रुड़की में हमेशा कोविशील्ड वैक्सीन ही लगी है, लेकिन सोमवार को यहां भी को–वैक्सीन ही लगाई गई। कोविशील्ड की दूसरी डोज लगवाने को आने वाले पहले तो लाइनों में लग गए।

### पिथौरागढ में तीन दिन से जारी है बारिश, गर्मी से मिलने लगी राहत

**संवाददाता** पिथौरागढ। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में पिछले से तीन दिन से लगातार बारिश जारी है। वही जिले में बारिश के होने से जिले के लोगों को भीषण गर्मी से खासी राहत मिली है। वही सीमांत जनपद के अलावा सीमांत तहसील मुंसयारी ,धारचूला में भी जमकर बारिश हुई है। धारचूला में 57 एमएम ,मुंसयारी में 43 एमएम बारिश होने की सूचना मिली है। जिले की सड़कों में जल भराव की सूचना मिली है। जिले में हुई बारिश से किसानों ने भी राहत की सांस ली है।

### कार को कहीं से भी ऑनलाईन फाइनैंस करें मारूति सुजुकी स्मार्ट फाइनैंस के साथ

**संवाददाता** देहरादून। मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के ग्राहक अब मारूति सुजुकी स्मार्ट फाइनैंस के साथ कभी भी, कहीं से भी अपनी कार को ऑनलाईन फाइनैंस करा सकते हैं। मारूति सुजुकी स्मार्ट फाइनैंस एरेना। और नेक्सा ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। यह सर्विस पूरे देश में उपलब्ध है और विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की जरूरतों कों पूरा करने के लिए ग्राहकों की व्यापक रेंज को इस सर्विस के तहत कवर किया जाएगा। ग्राहक www-marutisuzuki-com और www-neÛaeÛperience-com के माध्यम से इस सर्विस का लाभ उठा सकते हैं। शशांक श्रीवास्तव, सीनियर एक्जक्टिव डायरेक्टर, मारूति सुजुकी इंडिया ने कहा, ''कार डीलरशिप में आने से पहले ज्यादातर खरीददार अपनी खरीददारी की प्रक्रिया को ऑनलाईन शुरू कर चुके होते हैं– वे कार एवं फाइनैंस के विकल्पों के बारे में ऑनलाईन जानकारी हासिल कर चुके होते हैं।

## गन प्वाइंट पर सीएमएस कलेक्शन कर्मचारी से 11 लाख की लूट

**संवाददाता** रुद्रपुर। रुद्रपुर में तमंचे और चाकू से लैस बाइक सवार बदमाशों ने कैश मैनेजमेंट सिस्टम के कलेक्शन कर्मी से 10.80 लाख रुपये लूट लिए। इस दौरान बदमाशों के उसके हाथ पर चाकू से वार भी किया। दिनदहाड़े हुए इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में पुलिस और एसओजी की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। साथ ही बदमाशों की तलाश में पुलिस की चार टीम जुट गई है।

मूलरूप से बहादराबाद, मिलक, रामपुर निवासी आदित्य कुमार पुत्र घनश्याम रम्पुरा में किराए में रहता है। आदित्य ने बताया कि वह कैश मैनेजमेंट सिस्टम कंपनी में कलेक्शन का काम करता है। कंपनी लोगों और व्यापारियों से कैश लेकर बैंकों में रुपये जमा करने का काम करती है। बताया कि सोमवार को उसने 10.80 लाख रुपये का कलेक्शन किया। जिसमें मेट्रोपोलिस सिटी से पांच लाख, गंगापुर रोड स्थित एक व्यापारी से 1.95 लाख, विशाल मेगा मार्ट से 85 हजार और रेलवे स्टेशन रोड स्थित व्यापारी से करीब तीन लाख रुपये कलेक्शन शामिल हैं।

इसके बाद दोपहर तीन बजे के आसपास वह करीब 12 लाख का कैश कलेक्शन के लिए सुभाष कालोनी स्थित एक व्यापारी के पास जा रहा था। इसी बीच सुभाष कालोनी रोड पर पीछे से आ रहे दो बाइक सवार युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि इस दौरान उसे तमंचे के बल पर उससे 10.80 लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया।



### सीएम धामी ने डॉ रमेश पोखरियाल निशंक से शिष्टाचार भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक से शिष्टाचार भेंट की।

## जल संस्थान और जल निगम में 100 अभियंताओं की नियुक्ति की जाएगी

**2023 तक प्रदेश के हर व्यक्ति को पानी देने का लक्ष्य रखा गयाः चुफाल**

**संवाददाता** नैनीताल। नैनीताल पहुंचे कैबिनेट मंत्री बिशन सिंह चुफाल ने कहा कि जल्द जल संस्थान और जल निगम में कर्मियों की पूर्ति के लिए उपनल के माध्यम से 100 अभियंताओं की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही आयोग के द्वारा करीब 200 से अधिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने वर्षा जल संग्रहण को लेकर विस्तृत कार्ययोजना बनाए जाने की भी बात कही।

सोमवार को नैनीताल पहुंचे कैबिनेट मंत्री बिशन सिंह चुफाल ने कहा कि प्रदेश में पेयजल योजनाओं को लेकर सरकार द्वारा विशेष कार्य किए जा रहे हैं। 2023 तक प्रदेश के हर व्यक्ति को पानी देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही है पहाड़ी और दूरस्थ क्षेत्रों में पंपिंग योजनाओं के तहत ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल संस्थान और जल निगम में कर्मियों की भारी कमी है। जिसकी प्रतिपूर्ति के लिए आयोग की ओर से अभियंता पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया गतिमान है। साथ ही जल्द उपनल के माध्यम से जल संस्थान में 50 और पेयजल निगम में 50 अभियंताओं की नियुक्ति की जाएगी।

प्रदेश में वर्षा जल संग्रहण को लेकर सरकार द्वारा काफी कार्य किए जा रहे हैं। जिसके लिए प्रदेश स्तर पर विस्तृत कार्य योजना बनाई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह और एनजीओ की सहायता से वृहद स्तर पर जल संग्रह को लेकर कार्य किया जा रहा है। जिसमें मनरेगा के तहत कई कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कोसी से नैनीताल को पानी लिफ्टिंग परियोजना और नैनीताल बलियानाला से पंपिंग कर पानी शहर तक लाने की योजना को के गतिमान होने की बात कही।

प्रदेश में पुराने नेताओं को छोड़ नए चेहरे को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर नाराजगी को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी भी नेता को पार्टी के इस निर्णय से कोई शिकायत नही है। वह बीते 45 वर्षों से पार्टी के साथ जुड़े हैं। इस दौरान ग्राम प्रधान से लेकर मंत्री पद तक का सफर उन्होंने तय किया है।

### दुष्कर्म मामले में फंसे भाजपा विधायक राठौर को राहत नहीं

**संवाददाता** नैनीताल। हाई कोर्ट ने हरिद्वार जिले की ज्वालापुर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक सुरेश राठौर की दुष्कर्म मामले में अपनी गिरफ्तारी पर रोक व एफआईआर को निरस्त करने सम्बन्धी याचिका पर सुनवाई की। न्यायाधीश न्यायमूर्ति एनएस धानिक की एकलपीठ ने फिलहाल उनको कोई राहत नहीं देते हुए राज्य सरकार से 19 जुलाई तक मामले में शपथपत्र पेश शकरने के साथ अगली सुनवाई के लिए 19 जुलाई की तिथि नियत की है। ज्वालापुर हरिद्वार के विधायक सुरेश राठौर ने की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि उनके खिलाफ महिला की ओर से दुराचार करने को लेकर पहली जुलाई 2021 को आईपीसी की धारा 156(3) में थाना बहादराबाद में एफआईआर दर्ज की है। उनके द्वारा जो भी आरोप लगाये गये हैं, वे सब गलत हैं जबकि वह पुलिस जांच में सहयोग करने को तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि 2020 में महिला के खिलाफ उन्होंने ब्लैकमेलिंग का मुकदमा दर्ज कराया था।